# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी
## अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा (छ0ग0)
### / / आदेश / /

क्रमांक / 12530 / शिकायत–जांच / 2025–26 अम्बिकापुर, दिनांक– 26-09-25

श्री राहुल अग्रवाल अम्बिकापुर जिला–सरगुजा द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय भारत सरकार नई दिल्ली में की गई शिकायत पंजीयन क्रमांक –PMOPG/E/2025/006407 के माध्यम से शिकायत किया गया कि बिड़ला ओपन मांइड स्कूल सरगवां अम्बिकापुर जिला–सरगुजा में खुली लूट चल रही है। NEP यहां लागू नहीं है। विद्यालय द्वारा अपनी दुकाने फिक्स कर दी है। मेरी बच्ची बिड़ला ओपन माइंड स्कूल में पढ़ती है। सभी किताबें निजी प्रकाशकों की है। एक ही दुकान से पुस्तकें ड्रेस अनिवार्य कर दिया गया है। एक पतली सी 24 पेज की किताब 650 रूपये की है। दुकान से किताबों से पूरा सेट लेना अनिवार्य है। आधी किताबें नहीं मिलेंगी और न ही फोटो कॉपी चलेगी। इस तरह से अभिभावक पर अनुचित दबाब डाला जा रहा है। शिकायत की जांच प्राचार्य, शा0क0उ0मा0वि0 मणिपुरवार्ड अम्बिकापुर से कराया गया। जिसमें निम्न तथ्य प्रमाणित पाए गए।

(1) विद्यालय में SCERT (निःशुल्क छ0ग0 पाठ्य पुस्तक) अथवा NCERT की पुस्तकें किसी भी कक्षा में लागू नहीं किया गया है। सभी कक्षा में प्राइवेट प्रकाशन की पुस्तकें लागू की गई है। इस संबंध में छात्रों–छात्राओं के कौशल एवं गुणवत्ता बढ़ाने हेतु पुस्तकें लागू किये जाने का लेख किया है।

(2) संस्था द्वारा कक्षा नर्सरी से कक्षा 08 वीं तक लागू की गई पुस्तकों की मूल्य सहित सूची प्रस्तुत की गई है। जो निम्नानुसार है :–

| स.क्र. | कक्षा | पुस्तकों की संख्या | कुल मूल्य | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Nursery | 10 | 2946.00 | सभी कक्षाओं में Finance W/B के कम पृष्ठों के पुस्तक का कीमत अत्यधिक है तथा शेष पुस्तकों का कीमत भी अधिक प्रतीत होता है। |
| 2 | Lkg | 14 | 3692.00 | |
| 3 | Ukg | 14 | 4508.00 | |
| 4 | Class-1 | 11 | 4546.00 | |
| 5 | Class-2 | 10 | 4675.00 | |
| 6 | Class-3 | 10 | 5106.00 | |
| 7 | Class-4 | 10 | 5332.00 | |
| 8 | Class-5 | 12 | 6517.00 | |
| 9 | Class-6 | 12 | 5700.00 | |
| 10 | Class-7 | 12 | 7395.00 | |
| 11 | Class-8 | 12 | 7578.00 | |
| | | | | |

(3) संस्था द्वारा नर्सरी से कक्षा 7 वीं तक गणवेश एवं अन्य सामाग्री की मूल्य सहित सूची प्रस्तुत की गई है। जो निम्नानुसार है:–

| स.क्र. | कक्षा | गणवेश एवं अन्य सामग्री की संख्या | कुल राशि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|

CIVIL INDIA NEWS NETWORK

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Nursery to Ukg | 6 | 4300.00 | गणवेश एवं अन्य सामग्री का कीमत अधिक प्रतीत होता है। |
| 2 | Class-1 to Class-4 | 6 | 3100.00 (Girls)<br>3000.00 (Boys) | |
| 3 | Class-5 to Class-7 | 7 | 3700.00 | |

(4) विद्यालय के सूचना पटल पर कक्षावार पुस्तकों की सूची एवं गणवेश के नमूना का प्रकाशन प्रबंधन द्वारा किया गया है।

(5) संस्था द्वारा पुस्तक विक्रेताओं को पुस्तकें विक्रय हेतु कक्षावार पुस्तकों की सूची प्रदान किये जाने का लेख किया गया है।

(6) आपके द्वारा कक्षा पांचवी, छठवीं, सातवीं एवं आठवीं की पुस्तकों की फोटो कॉपी मान्य किया जा सकता है किन्तु कक्षा 01 से 04 तक कार्य पुस्तिका की फोटोकॉपी मान्य नहीं किये जाने का लेख किया है।

जांच अधिकारी द्वारा अभिमत में लेख किया गया है कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यालय का छ0ग0 राज्य बोर्ड से सम्बद्धता होने पर भी छ0ग0 एस0सी0ई0आर0टी की पुस्तकें लागू नहीं करके निजी प्रकाशकों की पुस्तकें लागू करना, कक्षा नर्सरी से आठवी तक सभी पुस्तकें, स्टेशनरी, स्कूल गणवेश केवल एक ही फर्म **''किताब घर''** भट्ठी रोड केदारपुर अम्बिकापुर में उपलब्ध होने तथा कम पृष्ठों की पुस्तकों का अत्यधिक मूल्य निर्धारित कर विक्रय करना विद्यालय प्रबंधन द्वारा अनुचित लाभ हेतु संलिप्तता को प्रदर्शित करता है।

उपरोक्त अनियमितता एवं स्वेच्छाचारिता के संबंध में कार्यालयीन पत्र क्र0/10155/शिकायत–जांच/2025–26 अम्बिकापुर दिनांक 18.07.25 एवं पत्र क्र0/11150/शिकायत–जांच/2025–26 अम्बिकापुर, दिनांक 19.08.2025 के द्वारा प्रबंधक/प्राचार्य बिरला ओपन माइंड स्कूल सरगवां वि0ख0 अम्बिकापुर जिला–सरगुजा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया । जिसका जवाब प्रस्तुत किया गया है। जो संतोषप्रद नहीं पाया गया।

बिड़ला ओपन मांइड स्कूल सरगवां अम्बिकापुर जिला–सरगुजा का उपरोक्त कृत्य अत्यंत आपत्तिजनक एवं नियमों के विपरीत है।

अतः बिड़ला ओपन मांइड स्कूल सरगवां अम्बिकापुर जिला–सरगुजा के विरूद्ध रू0 1,00,000=00 (रू0 एक लाख मात्र) का आर्थिक दण्ड अधिरोपित किया जाता है।

चेतावनी दी जाती है कि उपरोक्त कृत्य की पुनरावृत्ति भविष्य में न किया जावे। अन्यथा संस्था की मान्यता समाप्त कर दी जावेगी।

उक्त आर्थिक दण्ड 0202–शिक्षा खेल कला और संस्कृति 01–सामान्य शिक्षा 600– सामान्य शीर्ष में चालान के माध्यम से शासन के खजाने में जमा करते हुए चालान की मूल प्रति सहित पालन प्रतिवेदन 03 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें।

***(कलेक्टर सरगुजा द्वारा आदेशित)***

जिला शिक्षा अधिकारी
अम्बिकापुर, सरगुजा

पृ0क्र0/ 12531 /शिकायत–जाँच/2025–26 अम्बिकापुर, दिनांक 26-9-25

**प्रतिलिपि,**

1. सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।

CIVIL INDIA NEWS NETWORK

2. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. आयुक्त सरगुजा संभाग अम्बिकापुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. कलेक्टर, सरगुजा की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सरगुजा अम्बिकापुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
6. संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण सरगुजा संभाग अम्बिकापुर जिला–सरगुजा की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
7. सहायक संचालक, जनसंपर्क अधिकारी अम्बिकापुर जिला–सरगुजा को सूचनार्थ कृपया दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
8. कलेक्टर, सरगुजा (शिकायत शाखा) अम्बिकापुर जिला–सरगुजा को सूचनार्थ। कृपया PMOPG पोर्टल से विलोपित करने का कष्ट करें।
9. विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अम्बिकापुर जिला–सरगुजा को सूचनार्थ।
10. मान्यता शाखा कार्यालयीन को सूचनार्थ।
11. प्रबंधक/प्राचार्य बिड़ला ओपन माइंड स्कूल सरगवां अम्बिकापुर जिला–सरगुजा को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

जिला शिक्षा अधिकारी
अम्बिकापुर, सरगुजा

CIVIL INDIA
NEWS NETWORK